बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)
Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
*सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774
महासचिव,
*सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम
संयुक्त सचिव:- * राजयबन्द वार्डियार
* अनिल कुमार
कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह
संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द

पत्रांक : 58 दिनांक 10/10/12

सेवा में,

प्रधान सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
पटना, बिहार।

विषयः– रुपान्तरित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना के तहत बिहार प्रशासनिक सेवा के 40वीं, 41वीं एवं 42वीं बैच के पदाधिकारियों को योगदान की तिथि से 10 (दस) वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने की तिथि से प्रथम वित्तीय उन्नयन ग्रेड वेतन–6600 में स्वीकृत करने के संबंध में।

प्रसंगः– संघ का पत्रांक–41 दिनांक–14.08.2012

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में प्रासांगिक पत्र द्वारा बिहार प्रशासनिक सेवा के 40वीं, 41वीं एवं 42वीं बैच के पदाधिकारियों की सेवा अवधि वर्तमान में 10 वर्ष से अधिक होने के फलस्वरुप अन्य प्रीमियर सेवा यथा बिहार पुलिस सेवा एवं बिहार पशुपालन सेवा के पदाधिकारियों की तरह इन्हें भी प्रथम वित्तीय उन्नयन ग्रेड वेतन–6600 में स्वीकृत करने का अनुरोध संघ द्वारा किया गया था एवं संबंधित आदेशों की प्रति भी संलग्न की गई थी ।

उक्त के आलोक में विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की कोई जानकारी संघ को नहीं है। अस्तु अनुरोध होगा कि शीघ्रताशीघ्र 40वीं, 41वीं एवं 42वीं बैच के बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को 01.01.2009 एवं उसके बाद से 10वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने की तिथि से प्रथम वित्तीय उन्नयन ग्रेड वेतन–6600 में स्वीकृत करने की कृपा की जाय।
अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन,
ह0/–
(सुशील कुमार)
महासचिव

ज्ञापांक– 58 पटना, दिनांक– 10 / 10 / 2012

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को प्रासंगिक पत्रों की प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सुशील कुमार
महासचिव